खबर संक्षेप



मां वीरासन देवी मंदिर के जवारे विसर्जन में उमड़ी भीड़

सिलौंडी। सिलौंडी के प्रसिद्ध मां वीरासन देवी मंदिर के ज्वारे और महाकाली विसर्जन देखने भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। पूरे विधि विधान से पंडा ने कांटो के झूले में झूला साथ ही सैकड़ों की संख्या में लोगों को माता का भाव आया है। विसर्जन कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने साथियों के साथ पहुंचे और माता का आशीर्वाद लिया इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। साथ ही थाना प्रभारी महिला रघुवंशी, चौकी प्रभारी अनिल पांडे ने सुरक्षा व्यवस्था संभाला।

नगर निगम में सामूहिक विवाह 20 नवम्बर को

कटनी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत नगर पालिक निगम, कटनी द्वारा सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन 20 नवम्बर 2026 को नगर निगम परिसर में किया जाना निर्धारित है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों से निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। योजना प्रभारी, नगर निगम कटनी ने बताया कि योजना अंतर्गत पात्रता हेतु कन्या तथा कन्या के अभिभावक का गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करना तथा उनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन होना अनिवार्य है। योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक हितग्राही नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा के कक्ष क्रमांक 36 से निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों सहित 05 नवंबर तक अनिवार्य रूप से आवेदन जमा करें। विवाह हेतु वर-वधु का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ वर-वधु के आयु संबंधी प्रमाण पत्र, दोनों की समग्र आई.डी., समग्र आई.डी. में आधार नंबर E-kyc, वधु का राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता, वर-वधु की संयुक्त फोटो, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर एवं निगम क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य किया है।

निगम से संबंधित सेवाओं को घर बैठे प्राप्त करने टोल फ्री नंबर

कटनी। आम नागरिकों से संबंधित मूलभूत समस्याओं की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को आसान बनाने और निगम की सेवाओं को आमजन तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा एक शहर के सार्वजनिक स्थलों पर टोल फ्री नंबरों का लेखन कराया जा रहा है। निगम से संबंधित विभिन्न समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबरों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जा रहा है, ताकि नागरिक जरूरत पड़ने पर आसानी से संपर्क कर सकें। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर 14420 एवं 1800-233-0877 नंबर अंकित कराए गए हैं।

बरही थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, दशहरा मेला देखने गये थे तीन युवक

दर्दनाक हादसा: वाहन की टक्कर से बाइक सवार 3 चचेरे भाईयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी







बरही थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई। बताया जाता है कि बाइक सवार तीनों युवक दशहरे का मेला देखने के लिए जा रहे थे। हादसा बुधवार की देर रात हुआ। बाइक को टक्कर मारने वाला वाहन चालक हादसे के बाद वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। अज्ञात वाहन की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान सिजेहरा गांव के छोटेलाल कोल (18), अमित लाल कोल (19) और सुमित कोल (20) के रूप में हुई है। तीनों बुधवार शाम करीब 6 बजे घर से दशहरा मेला देखने जाने की बात कहकर निकले थे। वे एक ही बाइक से सिंगरौड़ी जा रहे थे। रात करीब 10 बजे बहरी रोड पर पड़रिया गांव के पास उनकी बाइक को एक वाहन ने टक्कर मार दी जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। रिश्तेदार प्रीतम कोल ने बताया कि छोटेलाल कोल पिता जमना प्रसाद कोल दो भाइयों में बड़ा था। माता-पिता के साथ मजदूरी करके जीवनयापन करता था। सुमित कोल पिता सीरांगो कोल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पिता के साथ मजदूरी और खेती में हाथ बंटाता था। वहीं, अमित कोल पिता गोपाल कोल की एक छोटी बहन है। माता-पिता मजदूरी करते हैं। अमित भी गांव में ही रहकर मजदूरी करता था। तीनों चचेरे भाइयों की शादी नहीं हुई थी।

मौके पर पहुंचे विधायक

स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस के आने से पहले क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक मौके पर पहुंचे। उन्होंने फोन करके एम्बुलेंस को घटनास्थल पर बुलवाया, फिर घायलों को बरही अस्पताल पहुंचाया।

वाहन चालक की तलाश जारी

पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बहरी अस्पताल भेजा। गुरुवार सुबह शव परिजन को सौंप दिए गए। थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

जुलूस पर पत्थर फेकने वाले पति पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया में दशहरा पर्व के दौरान दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर पत्थरबाजी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे और रीवा की ओर जा रहे थे। मामला दर्ज होने के तीन घंटे के भीतर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार 20 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे ग्राम रोहनिया के बाजार चौक स्थित आदिवासी मोहल्ले में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान छत से दुर्गा प्रतिमा पर पत्थर फेंके जाने की घटना हुई। पत्थर प्रतिमा के साथ-साथ जुलूस में शामिल लोगों को भी लगे।

मामले में ग्राम रोहनिया निवासी खेमचन्द्र यादव ने बड़वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने शेख इबरार मुसलमान उर्फ अक्कू खान और कासरीन बी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा ने फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में बड़वारा थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय ने विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शेख इबरार मुसलमान उर्फ अक्कू खान (35 वर्ष), पिता शेख शब्बीर एवं उसकी पत्नी के रूप में हुई है। दोनों ग्राम कुर्सीटोला, थाना बड़वारा, जिला कटनी के निवासी हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी और महिला आरक्षक रूपाली यादव की विशेष भूमिका रही।

होटल संचालक पर फायर करने वाले 4 गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रानगर स्थित शाल्या होटल के संचालक पर कट्टे से फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को घटना के चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील यादव के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कट्टा और फरार होने में इस्तेमाल की गई पल्सर व अपाचे मोटरसाइकिल जब्त की हैं। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार जयप्रकाश वार्ड नई बस्ती निवासी प्रेमशंकर राय 56 वर्ष ने 21 अक्टूबर को कुठला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह होटल के कार्यालय में बैठे थे। रात करीब 9 बजे सुनील यादव अपने तीन साथियों के साथ होटल में कमरा बुक कराने पहुंचा। कमरा देने से मना करने पर सुनील ने गाली-गलौज शुरू कर दी और कट्टा निकालकर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। प्रेमशंकर राय के झुक जाने के कारण गोली उनके बगल से निकल गई। इसके बाद चारों आरोपियों ने उनके साथ झूमाझटकी और मारपीट की तथा मौके से फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश दाहिया ने पुलिस टीमों का गठन किया। मुखबिर तंत्र सक्रिय करने के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज सहित भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। आरोपियों की धरपकड़ के लिए अमानगंज, जिला पन्ना सहित अन्य संभावित स्थानों पर टीमें भेजी गईं। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में सुनील यादव (32), निवासी ग्राम डोभा, थाना कोतवाली पन्ना, हाल निवासी इंद्रानगर गली नंबर-9 कटनी, पवन यादव (18), निवासी ग्राम गनियारी, थाना सेमरिया, जिला पन्ना; जयपाल उर्फ मुन्ना यादव (25) तथा ब्रजेश यादव (24), दोनों निवासी ग्राम डोभा, थाना कोतवाली, जिला पन्ना शामिल हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील यादव से वारदात में प्रयुक्त कट्टा और दोनों मोटरसाइकिलें विधिवत जब्त की हैं।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश दाहिया, उपनिरीक्षक विनोद सिंह, एएसआई श्याम सिंह, प्रधान आरक्षक अजीत मिश्रा, रामेश्वर सिंह, अजय यादव, आलोक तिवारी, ताहिर खान तथा आरक्षक पुष्पेंद्र त्रिपाठी, विजय प्रजापति, विजय राणा शामिल रहे।

जिले को मिली 880 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया



उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से नीम कोटेड यूरिया की एक और रैक झुकेही रैक पॉइंट पर आ गई है। इससे जिले को 880 मीट्रिक टन यूरिया मिलेगी। जिला विपणन अधिकारी आनंद नारायण पाण्डेय ने बताया कि स्लीमनाबाद, बरही और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया और कटनी व मझगवा बड़वारा डबल लॉक केंद्र को 90 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 340 मीट्रिक टन तथा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। वहीं सीएमएस कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। ई-विकास 2.0 के तहत किसानों की सुविधा के लिए मोबाइल पर वाट्सएप बॉट के माध्यम से टोकन जनरेट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। किसान वाट्सएप पर "हेल्प" या "मदद" लिखकर टोकन, रिटेलर, उर्वरक, उठाव की तिथि और टोकन की वैधता सहित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

आज से शुरू होगा खेत बचाओ अभियान, दी जाएगी वैज्ञानिक खेती की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में किसानों को वैज्ञानिक एवं टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 'खेत बचाओ अभियान' संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र एवं अन्य संबंधित विभागों और संस्थाओं के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर कृषक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए हैं।

अभियान के दौरान किसानों को मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरकों के उपयोग, फसल अवशेष एवं नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण और पोषक तत्व प्रबंधन सहित खेती से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों को मिट्टी की सेहत बनाए रखने, कृषि संसाधनों का उचित उपयोग करने तथा खेती को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए जागरूक करना है।

अभियान के आयोजन हेतु निकायवार, ग्राम पंचायतवार एवं दिनवार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। संबंधित विभागों को अपने मैदानी अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार लगाने तथा अभियान में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि विभाग के साथ पशुपालन एवं डेयरी, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, सहकारिता और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी अभियान में सहयोग करेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में अभियान का प्रचार-प्रसार कराने तथा कार्यक्रमों के लिए पंचायत भवनों में बैठने और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

ढीमरखेड़ा के किसान का अनूठा प्रयोग क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

कश्मीर के केसर से महकी कटनी की धरती, किसान ने 25-30 बीजों से जगाई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कश्मीर की वादियों में खिलने वाला लाल सुर्ख केसर अब कटनी की मिट्टी में भी अपनी खुशबू बिखेर रहा है। ढीमरखेड़ा के प्रयोगधर्मी किसान माखन लाल यादव ने पाली मरसिहुड़ी में केसर उगाकर खेती में नवाचार की नई इबारत लिखी और किसानों के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोले। किसान ने महज 25 से 30 बीजों से केसर की खेती का प्रयोग शुरू किया। उनकी यह पहल बताती है कि खेती में कुछ नया करने की जिज्ञासा किसानों के लिए संभावनाओं के नए दरवाजे खोल सकती है।

माखन लाल यादव को उनके गांव में राजस्थान से गर्म कपड़े बेचने आने वाले कुछ लोगों से बातचीत के दौरान पता चला कि उनके क्षेत्र में केसर की खेती की संभावना हो सकती है। इस जानकारी ने उनके मन में उत्सुकता जगाई। उन्होंने बीज मंगवाए और अपने खेत के छोटे-से हिस्से में बो दिए। नियमित देखभाल के बाद पौधों में गांठें बनने लगीं और लाल सुर्ख फूल खिल उठे। खेत में खिले इन फूलों को देखकर किसान का उत्साह बढ़ा और उन्होंने आसपास के लोगों को भी अपना प्रयोग दिखाया।

फूलों की पंखुड़ियों से बढ़ी उम्मीद

माखन लाल ने फूलों की पंखुड़ियां एकत्रित कर सुखाईं। स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाने पर उन्हें इसकी कीमत करीब 400 रुपये प्रति ग्राम तक बताए जाने की जानकारी मिली। इससे उनकी उत्सुकता और बढ़ी। हालांकि, वास्तविक आमदनी का आकलन उपज की गुणवत्ता, बिक्री योग्य मात्रा और बाजार में मिलने वाली कीमत से ही होगा।

किसानों की उपज को बेहतर बाजार दिलाने के उद्देश्य से मानव जीवन विकास समिति द्वारा संचालित संगमबीडी एफपीओ काम कर रहा है। समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद् निर्भय सिंह के अनुसार, एफपीओ किसानों को बड़ी कंपनियों और नीमच मंडी जैसे बाजारों तक पहुंच बनाने में सहयोग देता है। समिति के कार्यकर्ता सुरेश दुबे ने गांव में किसान यादव से मुलाकात के दौरान उनके केसर उत्पादन का अनुभव जाना। माखन लाल यादव का यह प्रयोग खेती में नवाचार की प्रेरक मिसाल है।

CSR पहल से खिलेगी शिक्षा की उम्मीद, महिलाओं को मिलेगा आत्मनिर्भरता का संबल

7 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और 25 महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पहल के माध्यम से शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, कटनी द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के 7 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप तथा 25 महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के संसाधनों से जोड़ना और महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, आईएएस, एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री सच्चिदानंद पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने लाभार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा और कौशल विकास को सामाजिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया।

कार्यक्रम की मेजबानी भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश रघुवंशी ने की। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज के जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने इस प्रकार की पहलों को सामाजिक विकास, समान अवसर और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने कहा कि लैपटॉप प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए यह पहल डिजिटल शिक्षा और आधुनिक तकनीक तक पहुंच बनाने में सहायक होगी वहीं सिलाई मशीनें प्राप्त करने वाली महिलाओं को अपनी आजीविका शुरू करने अथवा उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इससे महिलाओं के कौशल को प्रोत्साहन मिलने के साथ उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भारतीय स्टेट बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने वाले प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, कटनी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बैंकिंग सेवाओं से आगे बढ़कर सामाजिक सरोकारों के प्रति संस्थान की जिम्मेदारी को दर्शाता है।

जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के साधन और महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की यह पहल एक सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान जिला पंचायत की एनआरएलएम टीम से सीमा सिंह ,राम सुजान द्विवेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्राम कांटी में शिविर का आयोजन आज जनसंवाद से समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में 7 अगस्त से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजित शिविरों के माध्यम से प्रशासन द्वारा शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिये अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार को मैदानी भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं।

इसी क्रम में अभियान के तहत शुक्रवार, 23 अक्टूबर को विजयराघवगढ़ विधानसभा के अंतर्गत देवरकलां कलस्टर की 12 पंचायतों देवरकलां, हरदुआकला, भैसवाही, पडखुरी, टिकरिया, संगवारा, रजरवारा 2, मेहगांव, जिजनौडी, अमेहटा, सुरमा, खरखरी व कांटी कलस्टर की 12 पंचायतों कांटी, मोहास, देवसरीइन्दौर, पडवई, जुगिया, सिजहनी, जिवारा, मुडेहरा, पोनिया, बरेहटा, रजरवारा 01, घुन्नौर के लिए पंचायत भवन कांटी में शिविर आयोजित होगा। जहां नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।

शत-प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिकतम मामलों का निराकरण पूर्व में ही सुनिश्चित किया जाए तथा शेष प्रकरणों का समाधान शिविर स्थल पर किया जाए। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उनमें समय-सीमा निर्धारित कर आवेदकों को अवगत कराया जाएगा।

लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

खबर संक्षेप

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक कल

कटनी। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार, 24 अक्टूबर को सायं 5 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कानून व्यवस्था, रेलवे अंतर्गत जनहित निर्माण कार्यों, एनएचएआई अंतर्गत निर्माण कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत योजना, प्रधान मंत्री आवास - शहरी और ग्रामीण, विकसित भारत जी राम जी योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों, स्वास्थ्य विभाग- मातृ एवं बाल स्वास्थ्य एवं टीबी मुक्त भारत अभियान, रेडक्रॉस समिति के आय व्यय, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग - सेतु व सड़क के निर्माण, कृषि विभाग- धान उपार्जन की तैयारी व रबी हेतु उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा सहित पंचायत अंतर्गत खेल मैदानों पर चर्चा की जायेगी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी संबंधित विभागों को एजेंडा अनुसार जानकारी तत्काल पावर्ड पाइंट प्रस्तुतिकरण में तैयार कर जिला पंचायत कार्यालय में जमा करने एवं भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों एवं अन्य विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति के साथ नियत तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

शहर के 8 स्थानों पर सवा दो करोड़ रुपये से बनेंगे शौचालय

कटनी। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर के विकास का उद्देश्य केवल आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करना नहीं, बल्कि नागरिकों की दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में लगभग सवा करोड़ रुपये की लागत से 8 स्थानों पर आधुनिक सुलभ शौचालयों की सौगात दी जा रही है।जिनका लोकार्पण भी जल्द ही किया जाएगा।इससे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आने-जाने वाले नागरिकों, व्यापारियों, महिलाओं एवं आमजन को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि घंटाघर जैसे प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र में सुलभ कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण जन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, रामलीला रंगमंच का निर्माण शहर की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को संजोने का प्रयास है। नगर निगम नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयासरत है।

शिकायतों के निराकरण में नगर निगम प्रदेश की टॉप-10 सूची में शामिल

कटनी। नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण की दिशा में नगर निगम कटनी ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की टॉप-10 नगर निगमों में आठवां स्थान हासिल किया है। शासन स्तर से बुधवार को जारी सितंबर 2026 की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में निगम को 91.29 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। यह उपलब्धि निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के नेतृत्व में शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग, अधिकारियों की सक्रियता और टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। सितंबर माह में नगर निगम को कुल 876 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से लगभग 52.4 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण शिकायतकर्ताओं से चर्चा एवं उनकी संतुष्टि के उपरांत किया गया। शिकायतों के समाधान के लिए निगम की विभिन्न टीमों ने निरंतर निगरानी के साथ फील्ड स्तर पर भी सक्रियता से कार्य किया गया । इस दौरान शिकायतों के निराकरण की प्रगति पर लगातार नजर रखते हुए नागरिकों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी गई । निगमायुक्त ने इस उपलब्धि पर नगर निगम की पूरी टीम को बधाई देते हुए इसी सक्रियता, समर्पण और जवाबदेही के साथ कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

शोभा की सुपारी बना स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चरमराई स्वास्थ्य सुविधाएं

एक डॉक्टर के भरोसे 81 गाँवों की आबादी सुविधाओं की कमी से मरीजों का भटकाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

नाम बड़े दर्शन खोटे यह कहावत इन दिनों स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सटीक बैठ रही है। सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तो कर दिया गया लेकिन क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी सुविधाये नही मिल रही है। सुविधाओं के अभाव मे मरीजों को समुचित उपचार नही मिल पा रहा है।जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद शोभा की सुपारी बना हुआ है।



2 वर्ष पहले हुआ था लोकार्पण

स्लीमनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य का उन्नयन करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया। 28 जनवरी 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद का लोकार्पण सांसद वी डी शर्मा ने किया था। वर्तमान मे स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत 81 गांव है लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं डॉक्टरों की कमी से 81 गाँवो के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ नही मिल रहा है।जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोभा की सुपारी बनकर रह गया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ही डॉक्टर है ।जिससे उनका अधिकांश समय बैठकों, सरकारी जानकारियां भेजने और अन्य दूसरे कामों में चला जाता है जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हैं। जिस कारण मरीजों का इलाज झोलाछाप डॉक्टरो के भरोसे है। जानकारी के बाद भी अधिकारी और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से भगवान भरोसे ही चल रही है।लोगों को अस्पताल में डॉक्टर तो मिलते नहीं हैं जिससे उन्हें मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों से ही इलाज कराना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

डॉक्टरों सहित अनेक पद रिक्त

जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 पद डॉक्टर,3 पद विशेषज्ञ, वार्ड वाय के 3 पद है जिनमे से ये सभी पद रिक्त है जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित है। वही लैब टेक्नीशियन व लैब अटेंडेंट का 1-1 पद,फार्मासिस्ट का 1 पद,एएनएम, स्वीपर, चौकीदार के पद खाली है। इन पदों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहे है जबकि लोकार्पण हुए 15 माह हो गए हैं। अब तक विभाग की ओर से स्टॉफ की पूर्ति नही की गई।

इनका कहना है

विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे चिकित्सकीय स्टॉफ की कमी है यह सही है। चिकित्सकीय स्टॉफ के रिक्त पड़े पदो की पूर्ति हो जिससे मरीजों को समुचित उपचार मिले इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री से भेंटकर मांग की जाएगी।

वहीं डॉ शिवम दुबे का कहना है कि यह बात सही है कि स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य अमले की कमी है।रिक्त पड़े पदों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी गई है।लेकिन अभी तक रिक्त पदों की पूर्ति नही हुई।जिस कारण जो स्वास्थ्य अमला है उसी से स्वास्थ्य सुविधाओं को मुहैया कराया जा रहा है।



वगैर अनुमति महुआ पेड़ काटने पर तहसीलदार से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवम प्रदूषण रोकने के लिए प्रदेश की आवाम से हरे भरे पेड़ लगाने के लिये अभियान चलाया जा रहा है दूसरी ओर तथाकथित लोगों के द्वारा पेड़ों को काटा जा रहा है। जगतपुर उमरिया में महुआ के हरे भरे लगभग 10 पेड़ों को कटवा दिया गया।

शासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पेड़ लगाने के लिए शासन द्वारा योजनाएं संचालित की जा रही हैं वहीं दूसरी ओर हरे भरे पेड़ों को काटकर उनका जीवन ही समाप्त किया जा रहा है। कुंडम प्रोजेक्ट कार्यालय के सामने ही महुआ के हरे भरे पेड़ों को कटवा दिया गया इसके बावजूद वन विभाग एवम कुंडम प्रोजेक्ट के अधिकारियों के कानों में जून तक नही रेंगी अधिकारी जानबूझकर पेड़ काटने वाले लोगों के उपर कार्रवाई करने से किनारा काट रहे हैं।

गोंडवाना गणतंत्र के अरविंद सिंह तेकाम ने शिकायत में बताया कि जगतपुर उमरिया में कुंडम प्रोजेक्ट के कार्यालय से 200 मीटर की दूरी पर जगतपुर उमरिया में खसरा नम्बर 149 में आठ से 10 पेड़ आरा मशीन लगाकर काट दिए गए। लिखित शिकायत में बताया गया कि जमीन निजी हो या शासकीय बगैर किसी सक्षम अधिकअधिकारी की अनुमति के हरे भरे पेड़ों को काटना कानून अपराध है। मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता भारतीय वन अधिनियम 1927 और सम्बन्धित राज्य वन वृक्ष संरक्षण कानून के दायरे में आता है। शिकायत कर्ता अरविन्द सिंह तेकाम ने डीएफओ एवं बड़वारा नायब तसीलदार से पेड़ काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में धरना प्रदर्शन किये जाने की चेतावनी दी है जिसकी सम्पूर्ण जबाबदेही प्रशासन की होगी।

मिट्टी में जान फूंक कर लाते हैं लोगों के घरों में उजियारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





दीपोत्सव पर्व के अब 18 दिनों का समय ही शेष है जिसको लेकर कुम्हार समाज इन दिनों अपनी परम्परा का निर्वाह कर रहा है। मिट्टी को आकार देकर दीपोत्सव की तैयारियों मे जुट गए हैं।तेजी से कुम्हारों की चाक घूमने लगी है क्योंकि दीपक बनाना इनके लिए सिर्फ रस्म नहीं बल्कि अपने परिवार की आवश्यकताओ की पूर्ति का जरिया है। आज से कुछ साल पहले तक अंचलों सहित शहरी क्षेत्रों में मिट्टी से निर्माण किए गए दीपक सहित बर्तन खिलौनों की खूब बिक्री हुआ करती थी, लेकिन धीरे-धीरे इलेक्ट्रोनिक एवं आधुनिक सामग्री ने बाजारों पर अपना एकाधिकार जमा लिया। लेकिन आज भी कुछ परिवार ऐसे हैं जिनके लिए यह सिर्फ रस्म नहीं है। बल्कि यह लोग आज भी इसे अपनी पूंजी मानकर अपने जीवन का अंधेरा दूर कर रहे हैं।

अंचल मे ऐसे कई शिल्पकार हैं जो मिट्टी को नए नए आकार देकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। नवरात्र का आरंभ होने के साथ ही पूरा परिवार दीपक बनाने के काम पर लग जाता है। बाजार में इलेक्ट्रोनिक सामग्री की बिक्री बढने से भले ही इन परिवारों की उत्पादन की बिक्री प्रभावित हुई हो इनकी आमदनी पर फर्क पड़ा हो, पर इनका हौसला अब भी बरकरार है। जिससे यह अपनी प्राचीन परम्परा को आज भी जीवित रखे हैं और दीये, मूर्ति, खिलौने आज भी बनाने में जूटे हैं।

आसान नहीं आकार देना

दीपक बनाने वाले छपरा गांव के गणेश चक्रवर्ती, दस्सी चक्रवर्ती व कौड़िया ग्राम के जुगल चक्रवर्ती, जयकुमार चक्रवर्ती का कहना है कि मिट्टी को आकार देना आसान नहीं होता। हर साल दीपावली के पहले मिट्टी को महीन करना फिर गलाना, उसके कंकड़ साफ करना फिर चक्के पर रखकर अलग-अलग आकार दिया जाता है।महंगाई के इस दौर में हर कोई सस्ता और अच्छा खरीदने की चाह रखता है। शुद्ध रूप से पीली मिट्टी से बनने वाले दीये की बात ही कुछ और है। उनका परिवार सदियों से मिट्टी के दीपक बनाते आ रहे हैं। उनकी जानकारी के अनुसार उनकी तीन पीढियों से बुजुर्ग मिट्टी के दीपक बनाते आ रहे हैं, तभी से यह मिट्टी को आकार देने की परम्परा हमारे परिवार में अक्षुण्ण है।

उन्होंने बताया कि अभी मेरे साथ साथ मेरा पूरा परिवार दीपों के निर्माण में हमारा सहयोग कर रहा है।इस काम से वर्ष भर की जीवकोपार्जन हो जाती है।

वनवास से लौटने के बाद श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक



शारदेय नवरात्र पर्व के अवसर पर उमरियापान के कटरा बाजार में आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण कुमार और माता सीता के वनवास से लौटने के बाद प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का मंचन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग देखकर श्रद्धालु भक्तिभाव से भावविभोर हो उठे ।कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने भगवान श्रीराम का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और आरती उतारी। इसके बाद जय श्रीराम के जयकारों से पूरा कटरा बाजार गूंज उठा। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान श्रीराम के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

जन विश्वास अभियान के तहत ग्राम पंचायत कांटी में आज लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में 7 अगस्त से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजित शिविरों के माध्यम से प्रशासन द्वारा शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिये अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार को मैदानी भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं।

यहां आयोजित होगा शिविर

इसी क्रम में अभियान के तहत शुक्रवार, 23 अक्टूबर को विजयराघवगढ़ विधानसभा के अंतर्गत देवरकलां कलस्टर की 12 पंचायतों देवरकलां, हरदुआकला, भैसवाही, पडखुरी, टिकरिया, संगवारा, रजरवारा 2, मेहगांव, जिजनौडी, अमेहटा, सुरमा, खरखरी व कांटी कलस्टर की 12 पंचायतों कांटी, मोहास, देवसरीइन्दौर, पडवई, जुगिया, सिजहनी, जिवारा, मुडेहरा, पोनिया, बरेहटा, रजरवारा 01, घुन्नौर के लिए पंचायत भवन कांटी में शिविर आयोजित होगा। जहां नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।

शत-प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के निर्देश

कलेक्टर श्री तिवारी ने अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिकतम मामलों का निराकरण पूर्व में ही सुनिश्चित किया जाए तथा शेष प्रकरणों का समाधान शिविर स्थल पर किया जाए। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उनमें समय-सीमा निर्धारित कर आवेदकों को अवगत कराया जाएगा।

लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

जिला पंचायत सीईओ ने आवास योजना की समीक्षा कर दिये निर्देश

हितग्राहियों की समस्याओं को सुना, फील्ड विजिट कर अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा कराने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने मैराथन समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अपूर्ण आवासों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए सेक्टर सुपरवाइजरों, ब्लॉक समन्वयकों एवं संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को सतत फील्ड विजिट करने और हितग्राहियों से सीधे संवाद स्थापित कर आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

सीईओ सुश्री कौर ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। इसका लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के साथ स्वीकृत आवासों का निर्माण समय पर पूरा कराना भी प्राथमिकता है। इसके लिए मैदानी अमले को सक्रियता से कार्य करते हुए प्रत्येक अपूर्ण आवास की प्रगति पर नजर रखने और निर्माण में आ रही बाधाओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

एक-एक हितग्राही की समस्या पर किया फोकस

समीक्षा के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायतवार अपूर्ण आवासों की स्थिति का जायजा लेते हुए एक-एक हितग्राही की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने बैंक खाते से संबंधित समस्याओं, वारिस परिवर्तन, आधार अनफ्रीज, जेंडर मिसमैच, जॉब कार्ड रिज्यूम तथा वर्क कोड जनरेट नहीं होने जैसी तकनीकी एवं प्रक्रियागत बाधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों के प्रकरणों का परीक्षण कर समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, ताकि तकनीकी कारणों से आवास निर्माण प्रभावित न हो और पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

सुश्री कौर ने सेक्टर सुपरवाइजरों एवं ब्लॉक समन्वयकों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें, निर्माणाधीन आवासों की वास्तविक स्थिति का आकलन करें तथा हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही, लंबित प्रकरणों में आ रही समस्याओं की पहचान कर संबंधित विभागीय अधिकारियों के समन्वय से उनका समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आवासों की पूर्णता के लिए मैदानी स्तर पर प्रभावी निगरानी, विभागीय समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई आवश्यक है। सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने की दिशा में ठोस प्रयास करें। समीक्षा के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी पी.एम.आवास मृगेंद्र सिंह सहित खंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला पंचायत द्वारा की गई यह समीक्षा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासों को पूर्ण कराने, हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान करने निर्देश दिये।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झांकियों को देखने बड़ी संख्या में पहुंच लोग

बड़वारा में भव्यता के साथ निकला दशहरा का चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा नगर में दशहरा का पर्व धार्मिक भावना श्रद्धा के साथ मनाया गया। दशहरा चल समारोह भव्यता व आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। विजयादशमी के त्योहार के शुभ पावन अवसर पर जगह-जगह भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, मां जगदम्बा की झांकी के दर्शनार्थ आस्था का जन सैलाब उमड़ा जिससे नगर में काफी भीड़ एकत्रित हुई। बड़वारा नगर में धार्मिक सौहार्द की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली। बड़वारा नगर में विजयादशमी का पावन पर्व अत्यंत उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया।

नगर के ऐतिहासिक मंदिर बिहारी जू मंदिर से मंदिर के प्रमुख पुजारी चंद्रिका प्रसाद महाराज के कर कमलों से पूजा-अर्चना के बाद एक भव्य चल समारोह की शुरुआत हुई। इस अवसर पर पूरा नगर मां भगवती की भक्ति में सराबोर हो गया।

चल समारोह में आदिशक्ति माता दुर्गा,महाकाली की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सजे-धजे रथों और ट्रैक्टरों पर सवार हुई माता रानी के मनोहारी स्वरूपों ने सबका मन मोह लिया। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों और इलेक्ट्रिक गिटार की मधुर धुन पर लोग नाचते-गाते चले।पूरे नगर में माता रानी का पुष्प सुमन से हुआ स्वागतनगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह मां भगवती के चल समारोह का पुष्प वर्षा आरती के साथ स्वागत किया गया। झांकियों की भव्यता और विशाल जन समूह से अद्भुत नजारा देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बनाए गए विभिन्न मंचों से लोक कलाकारों ने अपनी कला की झलक दिखाई। रामलीला के कलाकारों की कला दृश्य, अभिनय लोक नृत्य और गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दुरूस्त रही सभी व्यवस्थाएं

बड़वारा नगर में दशहरा पर्व शांति पूर्ण व खुशी के माहौल में सम्पन्न हो इसके लिए विद्युत विभाग के सहायक अभियंता स्वामी प्रसाद यादव के निर्देशन में एवम विद्युत विभाग बड़वारा के जेई सुमित कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में बड़वारा विद्युत विभाग के कर्मठ व जांवाज कर्मचारी लाइन मैन संजय कुमार मिश्रा, लाइन मैन हीरामणि साहू, हेमराज सिंह परमार, सियाराम साहू एवम सचिन यादव पूरी रात विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाये रखने हेतु निरन्तर नगर में भ्रमण करते रहे जिससे बिना किसी रुकावट के रात भर विद्युत सप्लाई जारी रही।

शांति पूर्ण व अमन चैन से दशहरा पर्व मनाया जाए इसके लिए जिला पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के दिशा निर्देशन में एवम उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा बड़वारा थाना प्रभारी सुयश पाण्डे के नेतृत्व में बड़वारा पुलिस के जवान रात भर पूरे बड़वारा नगर व समीपस्थ ग्रामों में गस्त करते रहे जिससे कहीं से भी किसी प्रकार की वारदात होने की खबर नही आई।

बड़वारा नगर एवम ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास पूर्वक दशहरा पर्व सम्पन्न हुआ।आयोजन समिति के अध्यक्ष ने कहा, ₹यह आयोजन बड़वारा की सांस्कृतिक और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। इस दौरान विद्युत विभाग बड़वारा, पुलिस विभाग बड़वारा का विशेष सहयोग रहा।

लाखों के जेवरात चोरी के मामले में चोरों को नहीं पकड़ पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना के मित्तल नगर में हुई थी वारदात

कुठला थाना अंतर्गत मित्तल नगर में चोरो ने वारदात को अंजाम दिया और लाखों रूपये के जेवरात पार कर दिये। चोरी की वारदात ने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। जानकारी के अनुसार मित्तल नगर में रहने वाले रोहित गुप्ता की माताजी 18 अक्टूबर की रात दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन के लिए घर में ताला लगाकर गई थीं। चोरों ने इसी सूनेपन का फायदा उठाया और घर का ताला तोड़कर लगभग 9 तोला सोना, 2 किलो चांदी और अन्य कीमती सामान पार कर दिया।

घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई, कुठला थाने में एफआईआर दर्ज हुई, फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और पीड़ित परिवार ने सोने-चांदी के पक्के बिल तक पुलिस के हवाले कर दिए। इसके बावजूद पुलिस अभी तक आरोपियों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाई है। जनचर्चाओं की माने तो बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दोबारा उसी इलाके में सक्रिय हो गए। 21 अक्टूबर को कॉलोनी के सतर्क लोगों ने उन्हीं तीन संदिग्धों को फिर से मित्तल नगर में घूमते हुए देखा और खदेड़ा। इस घटना के बाद से स्थानीय रहवासियों में भारी दहशत और आक्रोश है। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने जल्द आरोपियों का सुराग नहीं लगाया और क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज नहीं की तो जनता उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

खिड़कियों के कांच टूटे, दरवाजे और लाइट फिटिंग गायब, सरकारी आवास भी जर्जर, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

कृषि मंडी के लाखों के शौचालय खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित कृषि उपज मंडी में किसानों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। मंडी परिसर में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए दो शौचालय देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। पानी की व्यवस्था नहीं होने से किसान इनका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, मंडी बोर्ड के सरकारी आवास भी जर्जर हालत में हैं।

निर्माण के बाद से ही लगे रहे ताले

किसान राजकुमार सिंह, अमन यादव और धीरज गोंड ने बताया कि शौचालयों के निर्माण के दौरान टाइल्स, मार्बल, वॉश बेसिन, सीट, पानी और बिजली की फिटिंग, पंखे व दरवाजे सहित अन्य सुविधाएं लगाई गई थीं, लेकिन निर्माण के बाद लंबे समय तक ताले लगे रहे। बाद में ताले गायब हो गए, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने से शौचालय उपयोग के लायक नहीं रहे। नियमित देखरेख के अभाव में उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई।

कांच टूटे, फिटिंग गायब; गंदगी का अंबार

किसानों के अनुसार, शौचालयों की खिड़कियों के कांच टूटे हैं और दरवाजे, नल व लाइट फिटिंग गायब हैं। अंदर कचरा और गंदगी जमा है। शौचालय की सुविधा नहीं मिलने से किसानों को परेशान होना पड़ता है।

मुख्य गेट खुला, सुरक्षा पर सवाल

किसानों का आरोप है कि मंडी का मुख्य गेट 24 घंटे खुला रहता है। रात में परिसर में असामाजिक तत्वों के जमावड़े और शराब पीने की शिकायतें हैं। परिसर में खाली बोतलें और कांच फेंके जाने से चोट लगने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने निगरानी के अभाव में जर्जर भवनों और सुनसान हिस्सों में गलत गतिविधियों की आशंका भी जताई है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

सरकारी आवास भी बदहाल

मंडी बोर्ड के सरकारी आवासों की हालत भी खराब है। खिड़कियों के कांच टूटे हैं, दरवाजे क्षतिग्रस्त हैं और पानी की टंकियां व नल की फिटिंग गायब हैं। आसपास घास-झाड़ियां उगने से जहरीले जीवों का खतरा बना हुआ है।

खरीदी से पहले सुधार की मांग

करीब एक महीने बाद मंडी में मक्का और इसके बाद धान की खरीदी शुरू होनी है। ऐसे में किसानों ने खरीदी से पहले शौचालयों की मरम्मत, पानी-बिजली की व्यवस्था, साफ-सफाई, जर्जर भवनों के सुधार और परिसर में सुरक्षा व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

90 दीपों की रोशनी में जगमगाया राष्ट्र सेवा का संकल्प



दमोह। राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्षों की अनवरत साधना, समर्पण और राष्ट्र सेवा की गौरवशाली यात्रा के उपलक्ष्य में विजयादशमी उत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं राष्ट्रभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेविकाओं ने 90 दीप प्रज्वलित कर समिति की 9 दशक की यात्रा को नमन किया। दीपों की पावन ज्योति के बीच देवी अष्टभुजा स्त्रोत एवं दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया, पूरे कार्यक्रम का वातावरण भक्ति में एवं प्रेरणादाई रहा। मुख्य अतिथि श्रीमती सविता रजक महिला सुरक्षा शाखा में पदस्थ है उन्होंने कहा कि आज भारत की नई सशक्त एवं क्षमता बंद है एवं किसी भी क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ प्रिया श्रीवास्तव ने विजयादशमी उत्सव के महत्व एवं राष्ट्र सेविका समिति की कार्य पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से मातृशक्ति का व्यक्तित्व निर्माण होता है संस्कार,अनुशासन, सेवा, संगठन एवं राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण व्यक्तित्व में सशक्त समाज समर्थ राष्ट्र की निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने समिति के 90 वर्षों के साधना को राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित प्रेरणादाई यात्रा बताया। कार्यक्रम में प्रांत कार्यालय प्रमुख मेघा ताम्रकार विभाग सेवा प्रमुख श्रीमती आरती चौरसिया नगर कार्यवाहिका श्रीमति लक्ष्मी ठाकुर जिला शारीरिक प्रमुख सु वैष्णवी ठाकुर एवं जिला व्यवस्था प्रमुख श्रीमति भारती ताम्रकार सहित सेविका बहिनों व मातृशक्तियों की उपस्थिति रही।

ज्ञायक बन गायक नहीं पाना है विश्राम, लायक बन नायक नहीं जाना है शिव धाम- मुनि श्री समतासागर

24 अक्टूबर को विशाल अहिंसा वाहन रैली आएगी कुण्डलपुर



कुण्डलपुर(म.प्र.)। कुण्डलपुर में वर्षा योग का काल क्रमशःआगे बढ़ रहा है । अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार मंत्री जयकुमार जलज ने बताया कि प्रातः कालीन बेला में निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने आचार्य श्री के लिखित दोहे को लेकर प्रवचन श्रृंखला में कहा ₹ज्ञायक बन गायक नहीं पाना है विश्राम, लायक वन नायक नहीं जाना है शिव धाम₹ ज्ञायक स्वभाव आत्मा की ज्ञाता दृष्टापने को प्रकट करता है ।गाने वाले को गायक कहते हैं गायक की अपनी भूमिका है गायक तो कई बार बने होंगे सभी जन ।लेकिन ज्ञायक बनना कठिन है ज्ञायक का मतलब जो ज्ञेय पदार्थ होते हैं उनको जानने की योग्यता जो जीव के पास है वह योग्यता ज्ञायकपना कहलाती है ।ज्ञायकपने में जानना और देखना होता है । जानने देखने का जो गुण है वह अन्य द्रव्यों में नहीं है छह द्रव्यों में जीव द्रव्य ही ऐसा द्रव्य है जो अपनी योग्यता में ज्ञाता दृष्टा स्वभाव रखना है। फिर ज्ञाता दृष्टा स्वभाव में भी राग द्वेष से प्रेरित होकर के जानना देखना और जानने देखने में समता भाव रखना यह दोनों बहुत कठिन है। संसारी प्राणी ज्ञायक स्वभाव को लेकर के तो है लेकिन उसका ज्ञायक स्वभाव राग द्वेष से प्रेरित है मोह से प्रभावित है इसलिए उसके ज्ञातापना का कोई मतलब नहीं। जानते देखते हुए भी जाने गए देखे गए पदार्थ में राग द्वेष ना हो हमारा उसे मोह भाव ना जुड़े यह अध्यात्म का ज्ञायक स्वभाव माना जाता है समता भाव के साथ तटस्थ भाव के साथ जानना और देखना इसे ज्ञायक स्वभाव कहा गया है। मुनि श्री ने अगले दोहे में जो आचार्य गुरुवर ने लिखा है ₹लघु कंकर भी डूबता तेरे काष्ट स्थूल, क्यों मत पूछो तर्क से स्वभाव रहता दूर₹- एक छोटा सा कंकर जिसका वजन ज्यादा नहीं उसे अगर पानी में डालें तो कंकर की क्या स्थिति बनती है एक बड़ी सी लकड़ी हमने पानी में डाल दी तो लकड़ी की क्या स्थिति बनती है। लकड़ी वजनदार है फिर भी पानी पर तैर रही है ,कंकर लकड़ी की अपेक्षा बजन में बहुत कम है फिर भी डूब रहा है ।इसका कारण क्या है क्यों? यह मत पूछो तर्क से इसका हमारे पास कोई जवाब नहीं है जवाब आपके पास भी नहीं है हमारे पास भी नहीं है ।तो अब देखो उसे समझो लेकिन तर्क से यह मत पूछो कि ऐसा क्यों हो रहा है ।क्योंकि स्वभाव रहता दूर स्वभाव अपना अलग-अलग होता है कंकर का स्वभाव पानी की तली में चले जाना पत्थर का ऐसा स्वभाव है ।लकड़ी पानी में जाने के बाद तैरती रहती है जमीन में जाकर के नहीं बैठती। यह लकड़ी और पत्थर का अपना स्वभाव है उसकी अपनी निजी योग्यता है ,और स्वभाव तर्क से बाधित नहीं होता स्वभाव तर्क गोचर नहीं है ।जो स्वाभाविक प्रकृति के विधि विधान है प्रकृति की व्यवस्था है उसमें किसी का तर्क काम नहीं करता। मुनि श्री ने आगे लोकतंत्र में चुने हुए प्रतिनिधि जो अपने को जनता का सेवक मानते हैं मालिक नहीं। इसी तरह है आचार्य गुरुवर ने क्या कहा ट्रस्टी बन जाते हैं संस्थाओं के संस्था के मालिक मानने लगते हैं हम संस्था के मालिक हैं। अगर तुम्हारे अंदर मालिक बनने का भाव आ गया तो तुम संस्था का हित नहीं कर पाओगे संस्था का हित वही करेगा जो अपने को सेवक मानकर कि जनता ने हम पर विश्वास किया है उस विश्वास पर खरा उतरना यह संकल्प लेना चाहिए। आचार्य श्री ने कहा ट्रस्टी की जगह सेवक लिखना शुरू करो सेवक मानने में भावना अलग बनेगी। आचार्य श्री ने मूक माटी में हर तरफ अपनी कलम चलाई है ।मूक माटी को पढ़कर समझने में कई कई वर्ष लग जाएंगे। कुण्डलपुर में गुरु परंपरा समर्पण समारोह 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को आयोजित है जिसके अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ।अभी तक लगभग हजार की संख्या में निबंध देश के विभिन्न नगरों से प्रतियोगियों ने भेजे हैं । लगभग40 झांकी की प्रस्तुति की स्वीकृति भी आ चुकी है ।इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में विभिन्न नगरों के प्रतिभागी एवं पाठशाला के बच्चे भी अपनी सहभागिता दर्ज कर रहे हैं कोई कोई तो 56 पेज के निबंध भेज रहे हैं जबकि 500 शब्दों की सीमा रखी गई। 24 अक्टूबर को विशाल अहिंसा वाहन रैली भी कुण्डलपुर में प्रवेश करेगी। विभिन्न नगरों से अपने वाहनों साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुण्डलपुर पहुंचेंगे।

गैसाबाद में नम आंखों से मां अंबे को विदाई, देर रात तक चला विसर्जन

बस स्टैंड बंजारी चौक पर हुआ रावण दहन, गुड्डु जैन ने वितरित किया एक क्विंटल सूजी का हलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैसाबाद



नगर में विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शाम सात बजे मां दुर्गा की झांकियों का चल समारोह निकाला गया, जिसमें डीजे की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया। नगर भ्रमण के बाद सभी झांकियां बस स्टैंड स्थित बंजारी चौक पर एकत्रित हुईं, जहां श्री जय बंजारी मां दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में रावण दहन किया गया। इस अवसर पर श्री बंजारी मां दुर्गा उत्सव समिति, श्रीराम लला दुर्गा उत्सव समिति, श्री सती माता दुर्गा उत्सव समिति और श्री चंडी माता दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य मौजूद रहे। पंडित मुरलीधर तिवारी, पंडित गणेश पांडे, गुड्डु जैन, रणधीर दहिया, प्रमोद नगरिया, जिमी नगरिया, शंकर मिस्त्री साइकिल वाले, निलेश जैन, मुकेश पटेल, पत्रकार कृष्णगोपाल श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता और वीरेंद्र बर्मन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। रावण दहन के बाद व्यारमा नदी में देर रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से जगत जननी मां अंबे को विदाई दी। लगातार कई वर्षों से दशहरा पर्व पर महाप्रसाद वितरण कराने वाले गुड्डु जैन ने इस वर्ष भी एक क्विंटल सूजी के हलवे का वितरण किया।

पुलिस और विद्युत विभाग रहा मुस्तैद

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, हेड कांस्टेबल तुलसीराम पटेल सहित पुलिस बल तैनात रहा। विद्युत मंडल के लाइनमैन विजय पाल भी पूरे समय मौजूद रहे।

अदनवारा और कचनारी में भी मना दशहरा

ग्राम अदनवारा में भी दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान सरपंच जुगल पटेल, लंबरदार नन्हे भाई पटेल सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं, ग्राम कचनारी में दुर्गा उत्सव समिति ने विजयादशमी मनाई। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि नोने सिंह राजपूत, जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित गोलू उपाध्याय सहित ग्रामीणजन शामिल हुए।

विजयादशमी पर पुलिस थाना में हुई शस्त्र पूजा



हटा। बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजयादशमी के पावन पर्व पर मंगलवार को पुलिस थाना हटा में पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पुलिस स्टाफ के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और खुशहाली की कामना की। इस दौरान दिनेश कुरेरिया, अनिल गौतम, आरक्षक पवन पटेल, मोहन साहू कृष्ण कुमार लोधी, सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। धार्मिक आस्था, परंपरा और कर्तव्य के प्रति समर्पण के भाव के साथ संपन्न हुए इस आयोजन में पुलिस बल की सेवा भावना और अनुशासन का संदेश दिखाई दिया।

विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजा पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण परंपरा का हिस्सा है। इस दिन शस्त्रों की पूजा कर पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों के प्रति प्रति निष्ठा, निष्ठा. साहस, अनुशासन और जिम्मेदारी का संकल्प हराते हैं। पुलिस थाना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने विधिवत पूजा-अर्चना की और जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ पुलिस बल के जवानों की सुरक्षा तथा सुख-समृद्धि की कामना की। पुलिस के लिए शस्त्र केवल सुरक्षा का साधन नहीं बल्कि कानून की रक्षा और नागरिकों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी का प्रतीक भी हैं। शस्त्र पूजा की परंपरा इसी दायित्व का स्मरण कराती है कि शक्ति का उपयोग सदैव कानून, न्याय और जनहित की रक्षा के लिए किया जाना चाहिए।

रबी सीजन में किसानों को सिंचाई हेतु अनवरत विद्युत आपूर्ति मिले - कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कमिश्नर सागर संभाग श्री दिलीप कुमार की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय सभाकक्ष में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संसाधन विभाग, म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी, ऊर्जा विकास निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के कार्यों की जिलेवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। कमिश्नर दिलीप कुमार ने कहा कि रबी सीजन में किसानों को सिंचाई हेतु अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए खराब ट्रांसफार्मरों की जानकारी मांगी एवं उन्हें तत्काल बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभाग में पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर उपलब्ध रहें तथा संभाग की समस्त जिला पंचायतों में ट्रांसफार्मर की मॉनिटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। औसत विद्युत प्रवाह की जानकारी मांगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई हेतु थ्री-फेस अनवरत विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए। नवीन सब स्टेशन, फीडर एवं विस्तार लाइनों की समीक्षा कर कहा कि रबी सीजन को देखते हुए विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जल प्रदाय परियोजनाओं में गति लाने के निर्देश

कमिश्नर ने जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जलप्रदाय परियोजनाओं की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जल प्रदाय परियोजनाओं में गति लाई जाए तथा 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर हैंडओवर की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिन गांवों में जल प्रदाय परियोजना से जल नहीं पहुंच पा रहा है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए। मोटर पंप मरम्मत का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कर बंद पड़ी जल प्रदाय परियोजनाओं को शीघ्र शुरू किया। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की वजह से बंद जल परियोजनाओं की जानकारी मांगी तथा काम न करने वाले ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित सिंचाई परियोजनाओं की जिलेवार समीक्षा की। सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण कार्य, जल की उपलब्धता एवं सिंचाई क्षमता की समीक्षा की। उन्होंने सिंचाई परियोजना के तहत लंबित भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि भू-अर्जन के प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत कर मुआवजा वितरित किया जाए तथा सिंचाई परियोजनाओं में लंबित भुगतान की सूची प्रस्तुत की जाए। बैठक में ऊर्जा विकास निगम द्वारा संचालित कुसुम परियोजना, प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना एवं पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, सागर संभाग, मुख्य अभियंता, म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी, सागर संभाग, जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी, ऊर्जा विकास निगम, अधीक्षण यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सागर संभाग, महाप्रबंधक, जल निगम (समस्त), सागर संभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

परियोजनाओं हेतु लंबित भू-अर्जन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर मुआवजा वितरित करें - कमिश्नर

धूमधाम व उत्साह से मनाया गया दशहरा पर्व, विधायक ने किया चल समारोह का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

बुराई कितनी भी बड़ी और शक्तिशाली क्यों न हो, उसका अंत निश्चित है और सत्य के मार्ग पर चलने वालों की विजय होकर रहती है। इसी संदेश के साथ मंगलवार 20 अक्टूबर को हटा नगर के बड़ा बाजार मैदान व बस स्टैंड प्रांगण में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विधायक उमादेवी खटीक, पूर्व मंत्री राजा पटेरिया, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय सहित नगर के सभी दलों के नेता रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने इस ऐतिहासिक प्रसंग के साक्षी बनकर बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया। दशहरा पर्व शाम के समय रामगोपाल जी सरकार अपने अखाड़ा के साथ राम लक्ष्मण की झांकी एवं देवी प्रतिमा के साथ चल समारोह में रतन बजरिया से बडा. बाजार मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां रावण दहन किया गया।

असत्य पर सत्य की जीत के साथ हुआ रावण दहन



चल समारोह में लोगो का उमड़ा जन सैलाब

नगर में दुर्गा प्रतिमाओं व दशहरा की बढती धूम बड़ा बाजार में शाम से ही एकत्रित होने लगी थी जहां ग्रामीण क्षेत्रो से भी काफी संख्या में लोगों का आना शुरू हो गया था नगर के चारो ओर सड़कों पर दोनो ओर भक्तो की लंबी कतारे बड़ी संख्या में मौजूद रही। वही रथ पर सवार रामगोपालजी सरकार एवं बालाजी सरकार के साथ चल समारोह में शामिल दुर्गा प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की। वही नगर के मंदिर चौराहा पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधायक उमा देवी लालचंद खटीक के मुख्य आतिथ्य में भाजपा के पदाधिकारी द्वारा अखाड़े व देवी प्रतिमाओं का पूजन कर अखाड़े में सम्मिलित सदस्यों का मेडल पहनकर स्वागत किया। इस दौरान रामगोपाल जी अखाड़ा एवं जय बजरंग अखाडा का प्रदर्शन तीनबत्ती तिगड्डा बड़ा बाजार में किया गया एवं सुंदर झांकियों को देखने के लिए जन सैलाब सड़कों के दोनो ओर खासी भीड़ रही। इसी के साथ जय बजरंग अखाड़ा, मुरलीमनोहर सरकार अखाड़ा, कलेही माता अखाड़ा द्वारा मंदिर मस्जिद चौराहा पर अखाड़े में शामिल युवक युवतियों द्वारा अपनी कलों के करतब दिखाएं। इसके उपरांत रामगोपाल जी सरकार अखाड़ा चल समारोह दुर्गा प्रतिमाओं के साथ बड़ा बाजार पहुंचा जहां पर अखाड़ा प्रदर्शन के उपरांत रथ पर सवार भगवान श्री राम ने अपने अग्निबाण से अहंकारी रावण का दहन किया। इसके उपरांत बालाजी सरकार अखाड़ा के साथ बस स्टैंड प्रांगण में रावण के पुतले का दहन किया गया।

विधायक ने धर्म के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

कार्यक्रम में विधायक उमादेवी खटीक ने कहा कि विजयादशमी सत्य की असत्य पर और धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम ने इसी दिन रावण का वध कर अधर्म का अंत किया था, वहीं मां दुर्गा ने महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। यह पर्व सिखाता है कि जीवन में धैर्य, सहस और धर्म के मार्ग पर चलते हुए हर कठिनाई का सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज विजयादशमी का संदेश समाज में व्याप्त कुरीतियों, अन्याय और अज्ञान को समाप्त करने के लिए प्रेरित करता है। सभी को अपने घर, गांव और समाज में सत्य, अहिंसा, भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने नगर वासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज और राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूत करने के साथ सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए।

अहंकार बना रावण के पतन का कारण

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रावण प्रकांड विद्वान, तपस्वी और अस्त्र-शस्त्रों का ज्ञाता था. लेकिन उसका अहंकार और अधर्म उसके विनाश का कारण बना। भगवान श्रीराम के हाथों रावण के वध को बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में देखा जाता है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर वर्ष विजयादशमी पर रावण दहन की परंपरा निभाई जाती है।

दशहरा पर सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

नगर में दशहरा पर्व पर शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने हेतु प्रशासन की ओर से एसडीएम राकेश मरकाम एसडीओपी कृष्णपाल सिंह तहसीलदार थाना प्रभारी सुधीर बेगी नगर में पुलिस बल के साथ चल समारोह के दौरान उपस्थित रहकर चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए थे। वहीं नगर निरीक्षक सुधीर बेगी द्वारा सुनार नदी के विसर्जन हेतु नाव घाट व घुरा घाट पर पुलिस की तैनाती करते हुए शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था।

हिनौता कलां में भजन संध्या, देवी गीतों पर झूमे श्रद्धालु



हिनौता कलां। नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री संकट मोचन दुर्गा उत्सव समिति एवं मां चंडी दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में ग्राम पंचायत परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। सरपंच प्रतिनिधि विक्रांत पटेल उर्फ बंटी भैया और उनके मित्र मंडल के प्रयासों से आयोजित कार्यक्रम में ग्राम एवं क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध गायक जयसिंह परमार ने धार्मिक भजनों और देवी गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक परिसर भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का समापन रात करीब दो बजे हुआ। आयोजन की सफलता में दोनों दुर्गा उत्सव समितियों, विक्रांत पटेल मित्र मंडल और ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

सनकुईया विद्यालय की छात्रा राज्य स्तरीय टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



विकासखंड के शासकीय नवीन माध्यमिक विद्यालय सनकुईया ने खेल जगत में अपनी उपलब्धियों की निरंतरता बनाए रखते हुए एक बार फिर गौरव हासिल किया है। विद्यालय की छात्रा अश्विनी पटेल का राज्य स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। अश्विनी राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए शिवपुरी रवाना हुई जहां विद्यालय के लिए यह उपलब्धि इसलिए विशेष है क्योंकि लगातार तीसरे वर्ष विद्यालय की छात्राओं ने राज्य स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। मार्गदर्शी शिक्षक मनोज नामदेव के निर्देशन में छात्राएँ खेल गतिविधियों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और जिला स्तर से आगे बढ़कर राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने के अवसर मिल रहे हैं। ग्रामीण अंचल में स्थित शासकीय नवीन माध्यमिक विद्यालय सनकुईया आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के लिए जिले में अपनी पहचान बना चुका है।

विद्यालय में पढ़ाई के साथ खेलकूद कलॉ और अन्य रचनात्मक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जाता है जिससे विद्यार्थियों का संर्वांगीण विकास हो सके। अश्विनी पटेल के चयन से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है उनकी यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय परिवार ने छात्रा को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी और विश्वास जताया कि वह अपने खेल कौशल से अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन करें।

खबर संक्षेप

स्कूल से लौट रहे 9 वर्षीय बच्चे को बंदर ने काटा

तेंदूखेड़ा। नगर में बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं गुरुवार शाम वार्ड 2 में स्कूल से घर लौट रहे 9 वर्षीय बच्चे पर बंदर ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 2 निवासी पार्वती केवट ने थाने में सूचना दी कि उनका 9 वर्षीय बेटा दीपेंद्र केवट सरस्वती स्कूल में पढ़ता है। गुरुवार शाम करीब 4 बजे तारादेही रोड पर स्कूल से घर लौटते समय एक बंदर ने उसके बाएं हाथ में काट लिया, जिससे खून निकलने लगा। स्कूल शिक्षिका ने फोन पर परिजनों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद मां बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंची स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 और 12 में पिछले दो साल से बंदरों के झुंड ने आतंक मचा रखा है लोगों एवं खासकर बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है एक बार बंदरों को पकड़ने के लिए मथुरा से टीम भी बुलाई गई थी, लेकिन वह भी पकड़ने में नाकाम रही। रहवासियों ने विभाग से प्रभावी अभियान चलाकर स्थायी समाधान की मांग की है।

जन संवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम आज

दमोह। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत 23 अक्टूबर 2026 को विकासखंड पथरिया के सम्मिलित क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण, निरीक्षण, जन संवाद एवं उद्यम संवाद सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेना, आमजन की समस्याओं को सुनना तथा उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में पथरिया विकासखंड की 19 ग्राम पंचायते पुरापायरा, पिपरौधाछक्का, असलाना, चिरौला, नरसिंहगढ, खैजराकला, रानगिर, बड़ागांव, मनकोरा, देवलाई, सीतानगर, इमलीजोग, पिपरियाचंपत, हरद्वानी, किशुनगंज, बरखेरादुर्गादास, जेरठ, जोरतला एवं ममरखा सम्मिलित हैं। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ में किया जाएगा।

समय-सीमा बैठक में दिए गए अहम दिशा निर्देश

जिले में अवैध क्लिनिक, पैथोलॉजी का जांच कर रिपोर्ट दी जाए: कलेक्टर



स्वामित्व योजना के तहत सभी एसडीएम पटवारी की नियमित बैठक लेकर कार्य में प्रगति लायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिले की प्रत्येक दवा दुकानों के कफ सिरप का गहन निरीक्षण किया जाये। इस कार्य को गंभीरता से और सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। जिले में अवैध क्लिनिक, पैथोलॉजी का जांच कर उसकी रिपोर्ट दी जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने समय सीमा बैठक के दौरान दिए। उन्होने कहा निरीक्षण के लिए एक चेकलिस्ट तैयार कर सभी एसडीएम को मुहैया करा दी जाए और निर्देशानुसार कार्रवाई समय सीमा में पूरी कर ली जाए। आयोजित इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडिशनल कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होने दमोह से हटा निर्माणधीन सड़क के संबंध में जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारी से कहा है कि दूसरे एण्ड पर भी कार्रवाई तत्परता से कराई जाए ताकि आम जनों को आवागमन सुगम हो सके। एमपीआरडीसी के उपस्थित अधिकारी ने बताया कि हटा से लक्ष्मण कुटी तक वन साइड सड़क का काम पूरा हो गया है, उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी से कहा जिले में सघन बस चेकिंग अभियान चलाया जाये। श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा है कि प्रकरणों का तत्परता से एवं समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से कहा इस कार्य में तेजी से प्रगति लाई जाए। सभी एसडीएम पटवारी की नियमित बैठक लेकर प्रगति लाना सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर श्री यादव ने कृषि विभाग के अधिकारियो से कहा किसानो को समय पर और सुगमता से उर्वरक मिले। जिले में उर्वरक प्राप्त होने वाला है, उसकी सही प्लानिंग कर ली जाये, ताकि सभी केंद्रो पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रहे।

चार दिन से नाले में घूम रहा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ झलौन

तेंदूखेड़ा ब्लॉक के झलौन गांव में पेट्रोल पंप के पीछे स्थित नाले में पिछले चार दिनों से मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग को सूचना देने के बावजूद मगरमच्छ को पकड़ने या सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कार्रवाई नहीं होने से आसपास के खेतों में काम करने वाले किसान चिंतित हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मगरमच्छ कभी नाले में तैरता तो कभी किनारे बैठा दिखाई देता है। आसपास खेत होने के कारण किसानों को रोजाना कृषि कार्य के लिए नाले के पास जाना पड़ता है, लेकिन मगरमच्छ की मौजूदगी से वे जोखिम उठाने से डर रहे हैं।

पिछले साल महिला पर किया था हमला

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष इसी स्थान पर खेत में काम कर रही एक महिला पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया था। वह महिला को

सूचना के बाद भी वन विभाग की कार्रवाई का इंतजार

खींचकर पानी में ले जाने लगा, तभी उसके बेटे ने साहस दिखाते हुए मां को बचाया। घटना में महिला को उपचार कराना पड़ा था। ग्रामीणों का दावा है कि परिवार को आर्थिक परेशानी के बावजूद शासन और वन विभाग से सहायता नहीं मिली। ग्रामीणों के मुताबिक, चार दिन पहले वन परिक्षेत्र झलौन कार्यालय पहुंचकर मगरमच्छ की सूचना दी गई थी। इसके बाद भी मौके पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने वन विभाग से जल्द मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और नाले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके।

इस संबंध में तेंदूखेड़ा उप वनमंडलाधिकारी प्रतीक दुबे ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी दी गई है। वे मामले को दिखवाएंगे।

पदम यादव हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई

हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार, आठ फरार



आरोपियों पर घोषित था 20 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

थाना क्षेत्र में पदम यादव हत्याकांड के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को 22 अक्टूबर को शाहपुर क्षेत्र में बरेठा बाबा की घाटी से पकड़ा गया। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर 2026 को बालाकोट रोड स्थित आरटीओ कार्यालय के पास साहू तिराहा निवासी पदम यादव पर आरोपियों ने वाहन से टक्कर मारकर बाइक से गिराने के बाद कुल्हाड़ी, लाठी और कत्तना से हमला किया था, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजन देवी यादव की रिपोर्ट पर पथरिया थाने में अपराध क्रमांक 533/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रकरण में सभी आरोपी घटना के बाद से फरार थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, जिसे पुलिस उपमहानिरीक्षक सागर द्वारा बढ़ाकर 20 हजार रुपये कर दिया गया था।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया और एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर नरेंद्र उर्फ लल्लू यादव (28) और दीपेश उर्फ लाल यादव (24), दोनों निवासी मझगुवां, थाना गढ़ाकोटा, जिला सागर, को गिरफ्तार किया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार जगेत, उपनिरीक्षक श्यामसुंदर दुबे, सहायक उपनिरीक्षक अलजार सिंह, प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव तथा आरक्षक कपिल, नवीन, राहुल, अक्षय, विनोद, अनुराग और चालक आरक्षक रितुराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हर्रई के अंधे मोड़ पर 25 दिन में दूसरा हादसा, तेज रफ्तार और घुमावदार सड़क को बताया वजह

मवेशी को बचाने के चक्कर में 20 फीट खाई में गिरी कार, एयर बैग से बची दंपती की जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

तेजगढ़ थाना क्षेत्र में तेंदूखेड़ा-तेजगढ़ मार्ग पर ग्राम हर्रई के पास गुरुवार सुबह आवारा मवेशी को बचाने के प्रयास में बलेनो कार अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। कार पत्थरों की बाउंड्री से टकरा गई, जिससे उसका अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एयरबैग खुलने से कार सवार दंपती बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, दमोह निवासी महेश पिता भागचंद जैन अपनी पत्नी साधना जैन के साथ कार क्रमांक MP 20 CH 3384 से सुबह करीब 9 बजे जबलपुर जा रहे थे। हर्रई के पास अचानक सड़क पर मवेशी आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार खाई में जा गिरी। एयरबैग खुलने से दोनों को गंभीर चोट नहीं आई।

25 दिन में दूसरी बार हादसा

इसी स्थान पर 28 सितंबर को रैठरा निवासी सुनील रजक की कार भी अनियंत्रित होकर तीन पलटी खाते हुए खाई में गिर गई थी। उस हादसे में भी परिवार सुरक्षित बच गया था। ग्रामीणों के अनुसार, हर्रई घाट के दो अंधे मोड़, घुमावदार सड़क और उतार-चढ़ाव हादसों की वजह बन रहे हैं। बिजली विभाग कार्यालय के पास सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होने की बात भी कही गई है। आवारा मवेशियों की मौजूदगी से खतरा और बढ़ जाता है। घटना की सूचना तेजगढ़ थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से अंधे मोड़ों और घुमावदार मार्गों पर धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की है।

खकरिया मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य शुरू, 20 फीट होगी चौड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

जनपद पंचायत कार्यालय जाने वाले नगर के वार्ड क्रमांक 9 में सड़क के चौड़ीकरण का कार्य नगर परिषद द्वारा शुरू करा दिया गया है। लंबे समय से इस मार्ग के सकरा होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसके बाद परिषद ने चौड़ीकरण की पहल की है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में इस मार्ग पर मात्र 12 फीट चौड़ाई में डामरीकरण है सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण दो पहिया और चार पहिया वाहनों के आमने-सामने आने पर निकलने में काफी दिक्कत होती है। चौड़ीकरण के बाद इस सड़क की कुल चौड़ाई लगभग 20 फीट हो जाएगी, जिसमें करीब 6 मीटर चौड़ाई में डामरीकरण किया जाना प्रस्तावित है यह मार्ग नगर का सबसे व्यस्त मार्ग है यह मार्ग जनपद पंचायत कार्यालय कृषि मंडी शासकीय कालेज सांदीपनि स्कूल सहित 5 छात्रवास स्थित है एवं कई महत्वपूर्ण कार्यालय इसी मार्ग पर स्थित हैं, साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों का भी इसी सड़क से आना-जाना लगा रहता है सुबह-शाम के व्यस्त समय में तो यहां वाहनों का दबाव और अधिक बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार मार्ग के दोनों ओर कई जगह अतिक्रमण भी फैला हुआ है, जिससे सड़क की उपयोगी चौड़ाई और कम हो गई है। कई बार अतिक्रमण के कारण जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है और लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। नगर परिषद द्वारा शुरू कराए गए चौड़ीकरण कार्य से लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद आवागमन सुगम होगा और जाम की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही वाहन चालकों के लिए भी यह मार्ग सुरक्षित होगा। हालांकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि केवल सड़क चौड़ी करने से ही समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। मार्ग के दोनों ओर फैले अतिक्रमण को हटाना और व्यवस्थित करना भी बेहद जरूरी है, ताकि सड़क की पूरी निर्धारित चौड़ाई का लाभ लोगों को मिल सके नगरवासियों ने उम्मीद जताई है कि नगर परिषद द्वारा यह निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराया जाएगा, जिससे नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

पुरैना तालाब में मिला महिला का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

एक दिन पहले घर से निकली थीं महिला



दमोह। शहर के एक शॉपिंग मॉल के पीछे स्थित पुरैना तालाब के घाट के समीप 35 वर्षीय महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका की पहचान सिविल वार्ड नंबर-2 निवासी कल्पना विश्वकर्मा (35), पत्नी वीरेंद्र विश्वकर्मा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, कल्पना एक दिन पहले सुबह करीब 10 बजे घर से निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे।सुबह तालाब के पास शव दिखाई देने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस के अनुसार, महिला की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा। फिलहाल पुलिस दुर्घटना, आत्महत्या सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

घुरक की महारानी का नगर भ्रमण, जयकारों से गूंजा फुटेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

बटियागढ़ ब्लॉक के ग्राम फुटेरा कला में घुरक की महारानी के नगर भ्रमण के दौरान नवदुर्गा अखाड़े के आगमन पर पूरा गांव माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। धार्मिक उत्साह के बीच हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। अंजुमन कमेटी एवं हुसैनी नौजवान कमेटी के सदस्यों ने नवदुर्गा अखाड़े का भव्य स्वागत किया।

खैरमाई परिसर में बच्चों ने दिखाए करतब

खैरमाई परिसर में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने चक्र और तलवारबाजी के पारंपरिक करतब दिखाकर दर्शकों को आकर्षित किया। उनके प्रदर्शन पर उपस्थित लोगों ने उत्साहवर्धन किया। माता रानी के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। ग्रामीणों ने मिल-जुलकर आयोजन में सहभागिता कर सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

पुलिस रही मुस्तैद, अगरा नदी में विसर्जन

आयोजन के दौरान फुटेरा चौकी प्रभारी आनंद कुमार अहिरवार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। पुलिस ने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था संभाली। नगर भ्रमण और धार्मिक



कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी। अगले वर्ष फिर आगमन की कामना के साथ प्रतिमा का अगरा नदी में विसर्जन किया गया। अंजुमन कमेटी एवं हुसैनी नौजवान कमेटी की सहभागिता ने आपसी प्रेम, धार्मिक सम्मान और कौमी एकता का संदेश दिया। आयोजन ने यह दर्शाया कि त्योहार आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम हैं।

मुनि श्री श्रुतेश सागर और सुश्रुत सागर जी का 11वां उपकार संयम दिवस मनाया

विधायक जयंत मलैया ने किया मुनि संघ का पाद प्रक्षालन, गुरु के उपकार और संयम मार्ग का बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सिविल वार्ड स्थित वृती आश्रम में आचार्य श्री महावीर कीर्ति महाराज के 83वें आचार्य पदारोहण दिवस तथा मुनि श्री श्रुतेश सागर जी महाराज और मुनि श्री सुश्रुत सागर जी महाराज के दीक्षा दिवस पर 11वां उपकार संयम दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक जयंत मलैया सहित श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। विधायक जयंत मलैया, महेश दिगंबर और मोती गोयल ने मुनि संघ का पाद प्रक्षालन कर सौभाग्य अर्जित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के चित्र के समक्ष ज्ञान ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। मंगलाचरण और संगीत के साथ आचार्य श्री का पूजन हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मुनि संघ को शास्त्र भेंट किए। समिति पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि विधायक जयंत मलैया का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

गुरु के संस्कार जीवनभर रहते हैं मार्गदर्शक

मुनि श्री सुश्रुत सागर जी महाराज ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि जीवन की अंतिम सांस तक गुरु का स्मरण बना रहना चाहिए। गुरु द्वारा



दिए गए संस्कार, शिक्षाएं और ज्ञान जीवन को दिशा देते हैं। गुरु कुंभकार की तरह होते हैं, जो शिष्य रूपी पात्र को ज्ञान और संस्कारों से पूर्णता प्रदान करते हैं। इस काल में गुरु से दीक्षा प्राप्त कर संयम का मार्ग अपनाना दुर्लभ सौभाग्य है।

मुनि श्री श्रुतेश सागर जी महाराज ने कहा कि समय और समझ सभी को प्राप्त नहीं होते। जिसे इनका महत्व समझ आ जाता है, वह दीक्षा रूपी नाव से संसार सागर पार करने का मार्ग पा लेता है। गुरु मनुष्य को उसके जीवन का वास्तविक मूल्य समझाते हैं। आचार्य महाराज ने दीक्षा देकर संयम का मार्ग प्रदान किया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। गुरु के बिना ज्ञान और ज्ञान के बिना कल्याण संभव नहीं है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष रूपचंद जैन, संयोजक राजकुमार, चंदकुमार, सुनील वेजीटेरियन, संजीव शाकाहारी, विनय विनम्र, सतीश जैन, सतीश बाबा, वंश जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

तेजगढ़ में धूमधाम से निकली मां काली की प्रतिमाओं की शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ

नगर में दशहरा पर्व पर मां काली की प्रतिमाओं की शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। छथाना, रेंज, कोऑपरेटिव बैंक और ग्राम हर्रई की मां काली की प्रतिमाएं गाजे-बाजे और डीजे की धुन के बीच नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तेजगढ़ बस स्टैंड पहुंचीं, जहां सभी प्रतिमाओं का मिलन हुआ। इस दौरान अखाड़े के बाल कलाकारों ने लाठी और चक्र घुमाकर अपने दांव-पेंच का प्रदर्शन किया। करतब देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। इसके बाद सभी प्रतिमाओं को उनके निर्धारित स्थानों पर ले जाया गया। रात्रि में तेजगढ़ में रामलीला और हर्रई में महावीर कला मंडल के कलाकारों ने नाटक का मंचन किया। वहीं, तेजगढ़ से करीब सात किलोमीटर दूर ग्राम देवरी में काली उत्सव के तहत बुंदेली कलाकार जित्तू खरे का देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। सुबह पूजा-अर्चना के बाद जयकारों के साथ मां काली की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर आने की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, राजीव गांधी पंचायती राज कांग्रेस संगठन के प्रदेश सचिव ठाकुर हीरा सिंह, तेंदूखेड़ा एसडीओपी, तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह, एएसआई गोविंद सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। बीडीसी सदस्य हरि सिंह यादव, अनिल विश्वकर्मा, सरपंच साहब सिंह, सरपंच प्रतिनिधि विनंजय सेठ, शिक्षक महेंद्र दीक्षित, मनोहर सिंह, डॉ. अनूप सिंह सहित विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।

अखाड़ों के कलाकारों ने दिखाए करतब, रामलीला और देवी जागरण के आयोजन, सुबह हुआ विसर्जन

कार्यालय नगरपालिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)
पता- बस स्टेण्ड हटा ईमेल cmohatta@mpurban.gov.in ph-07604-262237
क्रमांक/न.पा./2026-27/1054 हटा, दिनांक 16/10/2026
दावा/आपत्ति सूचना
प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 1496 आनलाईन आवेदन प्राप्त हुये है जिसमें से 33 हितग्राहियों सर्वे के दौरान रजिस्ट्रर्ड दस्तावेज के साथ पात्र पाये गये जिसकी सूची कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा के नोटिस वोर्ड पर चस्पा की गई है, जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त सूची के 33 पात्र हितग्राहियों के संबंध में दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह लिखित रुप से दिनांक 16/10/2026 से 30/10/2026 तक नगर पालिका कार्यालय की आवास योजना शाखा में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि उपरांत दावा / आपत्ति मान्य नही होगी।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हटा, जिला दमोह (म.प्र.)